
मनपा में तबादलों का दौर जारी

# नगर सचिव विभाग समेत अन्य पदाधिकारियों के स्वीय सहायक तय

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 9 फरवरी-** मनपा में लगातार अधिकारी-कर्मचारियों की तबादलों का दौर जारी है, ऐसे में हाल ही में 20 से अधिक कर्मचारियों के तबादले बीते शनिवार को किए जाने के बाद फिर से सोमवार को 6 कर्मचारियों के तबादले आनन-फानन में मनपा के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दिए गए. मनपा में चर्चा है कि महापौर व उपमहापौर सहित मनपा के नवनिर्वाचित पार्षदों का कामकाज शुरू होने से पहले ही प्रशासन की ओर से आनन-फानन में यह तबादले क्यों किए जा रहे हैं. सोमवार को जारी किए गए तबादलों में अतिरिक्त आयुक्त के पीए दिनेश देशमुख की फिर से महापौर के स्वीय



सहायक पद पर तबादला करने से चर्चा का विषय बनता हुआ नजर आ रहा है, वहीं नीलेश बाविस्कर, ज्योति अनासाने और सविता पाटिल का भी तबादला किया गया है और भी कुछ कर्मचारियों का तबादला नगर सचिव विभाग में कर दिया गया है. परंतु मनपा में जारी चचाओं के मुताबिक दिनेश देशमुख इसके पहले भी कई वर्ष तक महापौर के पीए रह चुके है और वर्तमान में अतिरिक्त आयुक्त शिल्पा नाईक के पीए है, इसके बावजूद देशमुख को ही फिर से महापौर का पीए बनाया गया है. इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा जारी है. बताया जाता है कि बड़े पैमाने पर आर्थिक लेन-देन के चलते देशमुख का फिर से उसी जगह पर तबादला किया गया है. जिसको लेकर नवनिर्वाचित पार्षदों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए महापौर तथा मनपा आयुक्त को शिकायत की है, वहीं जब तक महापौर और उपमहापौर और नवनिर्वाचित पार्षदों का कामकाज नियमित रुप से शुरू नहीं किया जाता तब तक किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का तबादला न करने की विनती की गई है, वहीं जिन 6 कर्मचारियों के तबादले सोमवार को किए गए है, वह तुरंत रद्द करने की मांग भी की गई है.

# नवनीत राणा ने साधा तेलगू भाषा में संवाद

## कहा, तेलंगाना में भगवा और नीला ही चलेगा!

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 9 फरवरी-** भाजपा की नेता एवं पूर्व सांसद नवनीत राणा इन दिनों तेलंगाना राज्य के दौरे पर हैं. उन्होंने कई तेलुगु फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ी है. वे तेलुगु भाषा में मतदाताओं से संवाद करती नजर आ रही हैं. एमआईएम पर जोरार हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में केवल छत्रपति शिवाजी महाराज का भगवा और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का नीला झंडा ही चलेगा. पूरे भारत को हरा करने और बुर्का पहनने वाली को प्रधानमंत्री बनाने का एमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी का सपना कभी पूरा नहीं होने देंगे. तेलंगाना राज्य में स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव के अवसर पर नवनीत राणा ने भैंसा, खानापुर, नारायणपेट और




मक्तल में रोड शो और जनसभाएं कीं. इस दौरान महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली. प्रचार की शुरूआत से पहले राणा ने बासर स्थित प्रसिद्ध श्री ज्ञान सरस्वती मंदिर में दर्शन किए और आरती की.

### ओवैसी और कांग्रेस पर बोला हमला

इस अवसर पर नवनीत राणा ने एमआईएम और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस यानी ओवैसी और ओवैसी यानी कांग्रेस-ऐसा यह समीकरण है. यदि तेलंगाना का विकास करना है तो वर्तमान मुख्यमंत्री को हटाकर भाजपा का मुख्यमंत्री सत्ता में लाना जरूरी है. ओवैसी का खाता भी नहीं खुलने देना चाहिए, ऐसी स्थिति बनाएं. कांग्रेस हटाओ, ओवैसी हटाओ, तेलंगाना बचाओ-यह नारा भी उन्होंने इस दौरान दिया.

इसके बाद सभा स्थल पर पहुंचते ही कार्यकताओं ने जय श्रीराम और जय हनुमान के नारों से उनका स्वागत किया.

## आठवें पन्ने के समाचारों का शेष

# समाज एवं महाराष्ट्र के लिए समर्पित अजित अध्याय की समाप्ति

प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### भविष्य के मुख्यमंत्री थे दादा-गुढे

पूर्व संसद अनंत गुढे ने कहा कि अजितदादा भविष्य के मुख्यमंत्री थे. हर व्यक्ति को न्याय देने का प्रयास वे अपने जीवन में करते रहे. जब यह घटना हुई तो आंख व कानों को विश्वास नहीं हो रहा था. मुख्यमंत्री मनोहर जोशी के पश्चात दादा एक ऐसे व्यक्ति थे जो हमेशा अनुशासन का पालन कर सभी को समान न्याय देने का प्रयास करते थे.

### हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया- एड. देशपांडे

एडवोकेट प्रशांत देशपांडे ने कहां की हम खिलाड़ी के रूप में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने आए हैं उन्होंने हमेशा ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया था राजनीति में खेल नहीं होना चाहिए और खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए उनकी यह सीख आज भी हम अपना कर उसे पर अमल करने का प्रयास कर रहे हैं ऐसे व्यक्ति को महाराष्ट्र ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

हेमंत एकेडमिक ने कहा कि अजीत पवार के जाने से राज्य को बड़ा नुकसान हुआ है जिस समय उनके अंतिम यात्रा का लाइव टेलीकास्ट हम देख रहे थे और उसमें बारामती में उपस्थित जनसमुदाय को दिखा तो सच में लगा कि उन पर कितने लोग प्रेम करते हैं और कितने लोगों के लिए आज का यह पल उन्हें अनाथ बना देने की भावना को दशार्ता है.

### अधिकारी वर्ग में उनका दबदबा था - डॉ. सुनील देशमुख

पूर्व मंत्री डॉक्टर सुनील देशमुख ने कहा कि जिस समय यह घटना टीवी पर दिखाई जा रही थी उसे समय मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि अजित दादा दुर्घटना में मारे गए हैं हमें ऐसा लगा था कि वह इस घटना के बाद सकुशल घर लौट आएंगे मैंने करीब 5 साल तक उनके साथ काम किया था जल संधारण विभाग में जब मेरे राज्य मंत्री के रूप में नियुक्ति हुई तो उसे समय हम आपको गृह राज्यमंत्री की बजाय जल सिंचाई विभाग के राज्य मंत्री का पद सौंपे तो आपको कोई आपत्ति नहीं होगी ना यह भी उन्होंने पूछा था उन्होंने हमेशा ही विदर्भ के सिंचाई अनुशेष को कम करने के लिए अथक प्रयास लिए कृष्ण कोरी के अधिकारियों को विदर्भ में नियुक्ति प्रदान कर उन्हें यह काम करने का मौका दिया जिसके कारण अधिकारी वर्ग में उनका किस तरह दबदबा रहा यह देखने का मौका भी मुझे मिला किसी नेता को समाज और अधिकारी वर्ग में वर्चस्व बनाए रखना है तो लंबा समय लगता है लेकिन मात्र दशक में ही अजित दादा ने प्रशासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारियों पर अपना दबदबा कायम कर हमें भी एक सीख दी जो सिख आज हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है।

### दादा मेरे बड़े भाई समान थे : विधायक रवि राणा

विधायक रवि राणा ने कहा कि अजय दादा के जाने से बड़ा नुकसान हुआ है मेरे लिए वह बड़े भाई के समान थे यही कारण है कि वर्ष 2014 में जब लोकसभा के चुनाव हुए तब नवनीत राणा को उनके माध्यम से ही टिकट मिल पाए थे और संसद के रूप में उन्हें काम करने का मौका मिला था. हमेशा ही रोक-टोक भूमिका रखने वाले अजित दादा से लोग डरते थे. सुबह 6:00 बजे उठकर काम पर निकल जाना, अनुशासन और काम के प्रति ईमानदारी जमीनी स्तर के नेता के अचानक निधन से सभी को बड़ा दुख हुआ है. कई बार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हंसी मजाक में ही सही लेकिन कह जाते थे कि जब अजित पवार मेरे साथ होते हैं तो मेरा 50 फीसदी भार वे उठा लेते हैं. आज उनके निधन से यह 50 फीसदी बाहर उठाने वाला भी नहीं रहा. वे कार्यकताओं के राजनेता थे. उनके साथ राजनीति से बढ़कर हमारा नजदीकी रिश्ता रहा है. ऐसे व्यक्ति के निधन से केवल राज्य नहीं बल्कि समाज का भी नुकसान हुआ है.

कार्यक्रम की शुरूआत में सभी उपस्थित मान्यवारों ने स्वर्गीय अजित दादा पवार की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त की कार्यक्रम के दौरान उनका वीडियो भी दिखाया गया. कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट मौन रखकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

# वकील को चाकू-पिस्टल दिखाकर जान से मारने की दी धमकी

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**यवतमाल, 9 फरवरी-** यवतमाल शहर में कानून व्यवसाय करने वाले एडवोकेट निशांत अरविंद तायडे को शुक्रवार, 6 फरवरी की रात अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू और पिस्टल जैसी हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी. इस गंभीर घटना के बाद वकीलों ने जिला पुलिस अधीक्षक से संबंधित अज्ञात आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित पुलिस सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है.



### शहर में हड़कंप

मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार, 6 फरवरी को रात लगभग 8:30 बजे एडवोकेट तायडे के घर के सामने एक हुंडई कार (एम.पी. 09 सी.ई. 3339) आकर रुकी. कार से 4-5 लोग उतरे जो शराब के नशे में गालियां दे रहे थे. इस समय तायडे की बेटी घर में पढ़ाई कर रही थी, जिससे उसका ध्यान भटक रहा था.एडवोकेट तायडे ने विनती करते हुए इन लोगों से कहा कि वाहन को थोड़ा आगे ले जाया जाए, लेकिन शराब के नशे में लोग गुस्से में आ गए और तू बाहर आ, तुझे मार डालेंगे, जैसी धमकी दी. इस दौरान उनके एक हाथ में चाकू और दूसरे हाथ में पिस्टल जैसी वस्तु थी.

इस दौरान आरोपी एड.तायडे पर घर के बाहर आने के लिए दबाव डाल रहे थे. तायडे बाहर नहीं आए, तो आरोपी घर पर पत्थर फेंकने लगे और वहां से भाग गए. दस मिनट बाद आरोपी फिर से घटनास्थल पर लौट आए, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई. घबराए तायडे ने तुरंत 112 पर कॉल किया. कॉल के समय तक आरोपी कार सहित फरार हो चुके थे.

घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तायडे ने पूरी जानकारी दी. इसके बावजूद अवधूतवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करते समय अधिकारी से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला, जबकि 112 पर कॉल के बावजूद पुलिस समय पर नहीं पहुंची.

ज्ञापन में कहा गया है कि अगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की होती, तो आरोपी पकड़े जा सकते थे. इस घटना के बाद तायडे और उनका परिवार आतंकित है और उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है.

शनिवार, 7 फरवरी को अवधूतवाड़ी पुलिस स्टेशन के थानेदार नंदकिशोर काळे को यह ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान कई वकील मौजूद थे, जिनमें एडवोकेट जयसिंग चव्हाण, विपिन ठाकरे, इमरान देशमुख, मोहन गिराटकर, मनमोहन ठाकरे, तुषार देशपांडे, प्रशांत कोल्हे और प्रविण हर्षे शामिल थे.घटना के बाद शहर के वकील वर्ग में गुस्से की लहर है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

# युवक की नींद में मौत

**अमरावती**-नींद में ही 29 वर्षीय युवक की मौत हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रोहित रमेश गजभिये (29,समाधान नगर) बताया गया है. शनिवार को दोपहर करीब 4 बजे रोहित अपने बेडरूम में सोने के लिए गया था. रात करीब 9.30 बजे जब उसकी मां उसे उठाने गई, तो वह नहीं उठा और शरीर में कोई हलचल नहीं दिखाई दी. इसके बाद परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से उसे तत्काल इर्विन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. इस संबंध में परिजनों के बयान के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर आगे की जांच शुरू की है.मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक शरयू उबाळे कर रही हैं. फिलहाल मौत होने की ठोस वजह सामने नहीं आ पाई है.






**अमरावती :** भाजपा प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी के निवासस्थान पर नवनियुक्त महापौर श्रीचंद तेजवानी का औंक्षवाण करतीं सई कुलकर्णी. साथ में पूर्व पार्षद बलराज बजाज. इस अवसर पर महापौर तेजवानी को कुलकर्णी दंपत्ति ने श्रीराम की प्रतिमा भेंट स्वरुप प्रदान की.


# तपोवनेश्वर में महाशिवरात्रि पर्व पर विविध कार्यक्रम

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 9 फरवरी-** अमरावती-चांदूर रेल्वे मार्ग से लगभग 11 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच स्थित श्री क्षेत्र तपोवनेश्वर संस्थान में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा. यह पावन स्थल भगवान महादेव की तपोभूमि माना जाता है. पौराणिक मान्यता के अनुसार श्रृंगी ॠषि ने यहां पर कठोर तपस्या की थी.

प्राकृतिक वन से आच्छादित इस क्षेत्र का धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व विशेष है. यहां स्थित प्राचीन तपोवनेश्वर मंदिर में शिवलिंग पहले भूमिगत था, जिसे योगीराज सद्गुरू श्री सीतारामगिरी महाराज ने अपनी साधना एवं तपस्या से जनसामान्य





तक पहुंचाया और मंदिर में उसकी स्थापना की. परिसर में भगवान विष्णु तथा भैरवनाथ के प्राचीन मंदिर भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र हैं. शिवकथा वाचक पंडित प्रदीपजी मिश्रा ने भी इस स्थान का उल्लेख स्कंद पुराण में होने की बात कही है तथा यहां आकर पूजा-अर्चना की थी.महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार, 15 फरवरी को प्रातः 4 बजे रुद्राभिषेक एवं आवाहित देवताओं का पूजन होगा. सुबह 6 बजे समाधि पूजन एवं आरती, 7 बजे होम-हवन, दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती तथा रात 9.30 बजे से शिवनाम जप प्रारंभ होगा. रात्रि के विभिन्न प्रहरों में महारुद्र अभिषेक एवं शिव मंत्र जाप का आयोजन किया जाएगा.सोमवार, 16 फरवरी को प्रातः 6 बजे से दैनिक धार्मिक कार्यक्रम, सुबह 10.30 बजे सालोरा के ह.भ.प. आशीष महाराज आखरेजी का कीर्तन, दोपहर 12 बजे दहीहांडी व शोभायात्रा तथा दोपहर 1 से 4 बजे तक महाप्रसाद का आयोजन किया गया है.संस्थान के अध्यक्ष अनिल भोजराज साहू, उपाध्यक्ष लच्छूराम पवार, सचिव निलेश कुबडे सहित सभी विश्वस्तों ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है

# बीजेपी चांद पर भी अपना महापौर बैठा सकती

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**मुंबई, 9 फरवरी**-महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के बाद कई जगहों पर महापौर का चुनाव संपन्न हो चुका है. कई जगहों पर चुनाव होना बाकी है. मुंबई में बीजेपी की तरफ से रितु तावड़े को महापौर पद का उम्मीदवार बनाया गय है. नाम के ऐलान के बाद से ही बीजेपी पर शिवसेना की तरफ से जुबानी हमले किए जा रहे हैं. इस बीच शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में बीजेपी, शिंदे गुट पर कई सवाल उठाए हैं. संपादकीय में लिखा कि बीजेपी के पास पैसा और पुलिस दोनों है.वे राज्य के किसी भी शहर का क्या? चांद और मंगल पर भी अपना महापौर बिठा सकती है. आरोप लगाया कि सत्ता के लिए हिदुत्व से समझौता किया गया है.



**अमरावती :** नवनियुक्त उपमहापौर सचिन भेंडे को गुलदस्ता देकर बधाई देते युवा स्वाभिमान के शहराध्यक्ष संजय हिंगासपुरे.

# चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल-** सुरक्षा बलों ने मणिपुर घाटी के विभिन्न जिलों से प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी.पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को तेंगनुपाल जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास यांगौबुंग क्षेत्र से एक मोर्टार और दो आईईडी बरामद किए. बरामद विस्फोटकों को बम निरोधक दल ने मौके पर नष्ट कर दिया.





**स्वामी गोविंद गिरीजी से आशिर्वचन**

**अमरावती :** शहर प्रतिष्ठित के.बी. परिवार के रमेश एवं अशोक जगदीशप्रसाद अग्रवाल ने सपत्निक रोटरी क्लब व्दारा आयोजित अमृत वर्षा कार्यक्रम में राम जन्मभूमि न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी का अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर रोटरी क्लब की ओर से राजेश मित्तल ने सहयोग के लिए केबी परिवार का स्वागत किया.

## पहले पन्ने के समाचारों का शेष

### जिप चुनाव : बीजेपी बनी 1 नंबर पार्टी

उलटफेर सामने आया है, जहां बीजेपी के ही दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री सुरेश वरपुडकर के परिवार के 5 में से 4 सदस्यों को हार का सामना करना पड़ा है, जिसे जनता द्वारा वंशवाद को नकारे जाने के रूप में देखा जा रहा है. धाराशिव के ढोकी पंचायत समिति में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां उद्धव ठाकरे गुट ने बीजेपी को मात्र एक वोट से हराकर सत्ता अपने नाम की.कोल्हापुर में कांग्रेस ने अपनी साख बचाए रखी है और 12 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि सतेज पाटिल ने गगनबावडा में अपना वर्चस्व कायम रखा है., सोलापुर में राम सातपुते की पत्नी संस्कृति राम सातपुते ने भी जीत का परचम लहराया है.यह चुनाव परिणाम आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राज्य का राजनीतिक मिजाज तय करने वाले माने जा रहे हैं, जहां महायुति फिलहाल स्पष्ट रूप से बढ़त बनाती दिख रही है.

---

### बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

जिनमें लोकसभा स्पीकर द्वारा सदस्यों को बोलने की मंजूरी न देने, आसन द्वारा महिला सांसदों का नाम लेना, सत्ता पक्ष के कुछ सांसदों को सदन में हमेशा विशेषाधिकार देना और आठ विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित करना शामिल है.

---

### एकतरफा प्यार में लॉ स्टूडेंट की हत्या

हर किसी को हैरान कर दिया. बताया जा रहा है कि संदीप कौर की सगाई हो चुकी थी और इसके बाद प्रिंस राज नाराज हो गया था. छात्रा के परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी को लगातार परेशान किया जा रहा था. परिवार के अनुसार आरोपी छात्र दो से तीन बार उनके घर भी गया था.परिवार का कहना है कि संदीप को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था और उसे लेकर चिंता भी बढ़ रही थी. आरोपी छात्र प्रिंस राज के पिता भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं. घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर की. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि दोनों छात्रों के बीच क्या विवाद था और आरोपी ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया.

## जाहीर सुचना

माझे पक्षकार ज्यांचे विवरण खालील मालमत्तेमध्ये त्यांच्या मालकीच्या प्लॉट क्रमांक समक्ष दिले आहे त्यांनी दिलेल्या माहीती व अधिकारावरुन ही नोटीस प्रसिद्ध करीत आहे की, माझे पक्षकार हे खालील वर्णन मालमत्तेचे मालक व ताबेदार आहे. त्यांचे नाव मालकी हक्का सदरी राजस्व अभिलेख ७/१२ मध्ये नोंदणीकृत दस्ताच्या आधारावर नोंदले असुन ते रितसर अकृषक कर भरत आहे. महाराष्ट्र शासनाव्दारे रहीवाशी क्षेत्रातील जमीनीचे मालमत्ता पत्रक तयार करणे या कार्यक्रमा अंतर्गत निर्गमीत केलेल्या धोरणा अन्वये मालमत्ता पत्रक बनवतांना पुर्वीचे अकृषक आदेश प्राप्त करुन ले आऊट प्लॉट विक्री करणा-या मयत व्यक्ती नावे भगवतप्रसाद शिवपालप्रसाद तिवारी आणि हरीशंकर शिवपालप्रसाद तिवारी यांचे वारस (१) सुरेखा चंद्रमाप्रसाद शुक्ला (३) केशरबाई प्रेमप्रसाद मिश्रा (४) ताराबाई चंद्रभान मिश्रा (५) रेखा रामप्यारे तिवारी (६) शारदा राजेश तिवारी (७) दुर्गा शंभुनाथ उपाध्याय (८) मिना भानुदास तिवारी (९) गंगा घनश्याम तिवारी सर्व रा. अमरावती यांचे नाव अवैधरित्या चढवून घेतले असून सदरचे व्यक्ती सदरच्या तोतया मालमत्ता पत्रकाच्या आधारे खालील वर्णन मालमत्ताचे विक्रीखत त्रयस्थ व्यक्तींच्या हक्कात करुन देण्यात प्रयत्न करीत आहे. तरी या जाहीर सुचने मार्फत माझे पक्षकार आव्हान करतात की, कोणीही खालील वर्णन मालमत्ते बाबत सदहू व्यक्तीशी कोणतेच व्यवहार करू नये, तसे व्यवहार न अस्थित्व मालकी हक्क, हितसंबंध व अधिकार व न अस्तित्वात असलेल्या मालमत्तेबाबत राहील व माझे पक्षकारावर बंधनकारक राहणार नाही. या वरही कोणी सदरचे व्यवहार केल्यास सदरच्या व्यक्तीस माझे पक्षकारांव्दारे आरंभ केलेल्या फौजदारी कार्यवाहीस पात्र राहतील तसेच होणा-या नुकसानीस पात्र राहतील व अश्या व्यक्तीविरुध्द माझे पक्षकार उपलब्ध सर्व कायदेशिर कार्यवाही करतील.

**मालमत्तेचे विवरण :-**

नोंदणी पोट तुकडी अमरावती शहर विभाग कचेरीच्या कक्षेतील व महानगर पालीका अमरावतीच्या हद्दीतील मोजे-शेगांव, प्रगणे नांदगांव पेठ, ता.जि. अमरावती येथील शेत सव्हे नं. २. मधील २ हेक्टर ८४ आर जमीनीतील मा.एस.डी.ओ. साहेब अमरावती यांच्या फाईलेवरील राजस्व प्रकरण क्र. एन. ए.पी. ३४/ शेगांव-३८/१९८९-९० निकाल तारीख २६ / १० /१९८९ नुसार लेआऊट कन्वर्शन मंजूर झालेल्या लेआऊट मधील

| पक्षकाराचे नाव प्लॉट | क्रमांक | क्षेत्रफळ |
|---|---|---|
| अश्विन रमेश गारले | २/९/७९ | १७२.५० चौ. मिटर |
| अश्विन रमेश गारले | २/१/७१ | १७५ चौ. मिटर |
| अश्विन रमेश गारले | २/१/७२ | १७५ चौ. मिटर |
| माया तिरथदास सिरवानी | २/८२/१ | १८० चौ. मिटर |
| माया तिरथदास सिरवानी | २/८२/२ | भाग १८६ चौ. मिटर |
| पल्लवी अनिल गणेश आणि सुमेध अनिलराव गणेश | २/१/६२ | १९८ चौ. मिटर |
| दिवाकर वासुदेव वानखडे | २/८३/१ | १६८.७५ चौ. मिटर |
| दिप्ती अतुल हरताळकर | २/१/४९ | नकाश्याप्रमाणे |

नोंदणी पोट तुकडी अमरावती शहर विभाग कचेरीच्या कक्षेतील व महानगर पालीका अमरावतीच्या हद्दीतील मोजे-शेगांव, प्रगणे नांदगांव पेठ, ता.जि.अमरावती येथील शेत सव्हे नं. २. मधील ७ एकर ३५ गुंठे जमीनीत मा.एस.डी.ओ. साहेब अमरावती यांच्या फाईलेवरील राजस्व प्रकरण क्र. एन. ए.पी. ३४/ शेगांव-५५/१९८६-८७ निकाल तारीख ८/१०/१९८७ नुसार` लेआऊट कन्वर्शन मंजूर झालेल्या अनंत विहार या नावाने ओळखल्या जाणा-या लेआऊट मधील

| पक्षकाराचे नाव प्लॉट | क्रमांक | क्षेत्रफळ |
|---|---|---|
| मनिषकुमार रामप्रसाद गुप्ता | २/५१ | १९८ चौ. मिटर |
| अंकुश रघुनाथराव जाधव | २/२० | नकाश्याप्रमाणे |
| विजय नारायणराव शेळके | २/४३ | १९८ चौ. मिटर |
| गजानन बळीरामजी खोपे | २/४४ | नकाश्याप्रमाणे |
| रेखा सहदेवराव धाकडे | २/५३/बी | ९९ चौ. मिटर |
| निलेश सहदेवराव धाकडे | २/५३/ए | ९९ चौ. मिटर |

दिनांक : १०/२/२०२६

ॲड संदीप आर गुप्ता
कल्याण नगर, अमरावती
मो.नं. ९४२०७१८९५०